मार्ग निर्माण की राशि स्वीकृत, महाविद्यालय एवं विद्यार्थियों ने जताया एमएलए का आभार

पानसेमल। अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय स्टॉफ एवं विद्यार्थियों ने विधायक श्याम बर्डे द्वारा मार्ग निर्माण की राशि स्वीकृत कराने पर कार्यालय पहुंच पुष्पहार से अभिनंदन कर आभार जताया है। विधायक बर्डे ने मेन रोड़ से शासकीय महाविद्यालय तक करीब 1.80 किलोमीटर दूरी के मार्ग निर्माण के लिए 4 करोड़ 33 लाख की राशि स्वीकृत कराई है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा लगातार मार्ग निर्माण की मांग की जा रही थी। विधायक के आश्वासन एवं प्रयासों से मार्ग निर्माण की राशि स्वीकृत हुई है। विधायक ने कहा मार्ग निर्माण होने से विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित होगा। क्षेत्र की शैक्षणिक प्रगति और नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वर्षाकाल के दौरान आने-जाने वाले को समस्याओं से बचाएगा। इस अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष सचिन चौहान, जिला उपाध्यक्ष राम सोनाने, मंडल अध्यक्ष चन्द्रकान्त महाजन, बाबूदान चौहान, संस्था प्राचार्य प्रो संगीता भंडारी, क्रीड़ा अधिकारी डॉ सुनिल बागले, डॉ राजेश दिवाकर, डॉ मन्जुला चौहान, संतोष चौहान, अरूण जाधव सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अंतरराज्यीय हथियार तस्कर धराए

जिले की वरला पुलिस ने की कार्रवाई, दो पिस्टल, चार कारतूस के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

बड़वानी, (नवभारत)।
जिले की वरला थाना पुलिस द्वारा राजस्थान और उत्तर प्रदेश के दो व्यक्तियों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक ग्रामीण जोन इन्दौर के निर्देशानुसार थाना प्रभारियों को अवैध आर्म्स, शराब, मादक पदार्थ और अन्य अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा गया है।

इसी के तहत एसपी जगदीश डावर के निर्देशन व एएसपी धीरज बब्बर और एसडीओपी सेंधवा अजय वाघमारे के मार्गदर्शन में 26 सितम्बर को विश्वसनीय मुखबीर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति उमर्टी से हथियार खरीदकर बलवाड़ी की ओर जा रहे हैं। टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आदित्य पाटिल प्रायवेट अस्पताल के सामने मुखबीर द्वारा बताए गए हुलिया वाले दो व्यक्तियों को पकड़ा। राहगीर की मदद से घेराबंदी कर उन्हें गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपी

पुलिस ने बताया कि कार्रवाई में सुमित पिता कैलाश सिसोदिया उम्र 21 वर्ष निवासी सपनावत थाना हापुड़ जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश एवं अनुज सिंह पिता राकेश सिंह राजावत उम्र 22 वर्ष निवासी नरसिंह नगर झोटवाड़ा थाना करधनी जिला जयपुर राजस्थान को गिरफ्तार किया गया है। दोनों की तलाशी में 2 देशी पिस्टल और 4 कारतूस बरामद हुए। आरोपियों ने हथियार खरीदने और लाइसेंस न होने की बात स्वीकार की। गिरफ्तार आरोपी न्यायालय में पेश किए जाएंगे।

कार्रवाई में इनका रहा योगदान

कार्रवाई में थाना प्रभारी वरला निरीक्षक सौरभ कुमार बाथम, उनि कृष्णा मंडलोई, सउनि महेन्द्रसिंह चौहान, सउनि उमाशंकर मंडलोई, आर बलीराम अछाले, आर चा आत्माराम, आर राधेश्याम

एसपी के निर्देशन में कार्रवाई
- वरला पुलिस ने एसपी के निर्देशन में की कार्रवाई।
- दो व्यक्तियों को घेराबंदी कर किया गिरफ्तार।

विधायक ने विद्यार्थियों को वितरित की साइकिल

सेंधवा, (नवभारत)।
ग्राम चाचरियापाटी में साइकिल वितरण कार्यक्रम हुआ। जिसके मुख्य अतिथि विधानसभा के लोकप्रिय विधायक मोंटू सोलंकी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता की पूजा-अर्चना से हुई। सरस्वती वंदना एवं धरती वंदना प्रस्तुत की। सारिका, पूजा और ललिता ने प्रस्तुति दी। अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं स्वागत गीत निर्मला व अर्चना ने प्रस्तुत किया।

विधायक सोलंकी ने 9वीं के 68 बालिकाओं व 59 बालकों तथा 6वीं के 5 बालक व 2 बालिकाओं को साइकिल वितरित की। ग्रापं चाचरिया के सरपंच प्रतिनिधि सायसिंग आर्य ने सहभागिता की।

विधायक ने कहा कि हमारा क्षेत्र खेलों में पीछे है। इसलिए खेल अकादमी की आवश्यकता है। इसके लिए मैं लगातार संघर्षरत हूं और अब 5 से 6 एकड़ भूमि की जरूरत है। दो जगह खेल अकादमी के लिए जमीन चिंहित की गई है। इसके लिए जब से विधायक बना हूं तब से लड़ाई लड़ रहा हूं अब जाकर इसकी प्रक्रिया आगे बड़ी है। चाचरिया में पीएम श्री स्कूल भी बनने जा रहा है। जमीन की कमी को लेकर उन्होंने हाल ही में एसडीएम से चर्चा की है और फॉरेस्ट क्षेत्र के पास जमीन देखी है। उसका चयन किया जा रहा है। प्राचार्य मनोज मुजाल्दे ने विद्यालय में शौचालय, बाउंड्री वॉल एवं सांस्कृतिक मंच निर्माण की मांग रखी। इस पर विधायक ने घोषणा की कि विधायक निधि से सांस्कृतिक मंच का निर्माण कराया जाएगा।

महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण समाज ने अर्पित की चुनरी

सेंधवा। महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण समाज ने नवरात्रि के पावन पर्व पर छोटी बिजासन माता मंदिर में चुनरी यात्रा निकाल कर माता को चुनरी अर्पण की और आरती कर प्रसाद वितरण किया। महिलाओं ने कन्या पूजन किया। । 51 कन्याओं का पूजन कर गिफ्ट दिए और उनसे आशीर्वाद लिया। समाज प्रमुख मोरेश्वर देसाई, श्याम एकडी, महासचिव संतोष वैध, श्याम जोशी, किरण नाईक, समीर दापोरकर, दीपक सराफे, महिला अध्यक्ष सुप्रिया वैध, सचिव संध्या उपासनी, उपाध्यक्ष सुनीता जोशी, कोषाध्यक्ष अंकिता ओक सह सचिव कीर्ति उपासनी मुख्य परामर्शदाता मेधा एकडी एवं समाज के सभी सदस्य उपस्थित रहे

अर्जुन सोलंकी ने छठवीं बार किया रक्तदान

पानसेमल, (नवभारत)।
ग्राम वासलियापानी के अर्जुन ताराचंद सोलंकी ने जिला चिकित्सालय में 6ठी बार रक्तदान किया। रासेयो में एनएसएस प्रतिनिधि व अटल बिहारी वाजपेई शासकीय महाविद्यालय के छात्र अर्जुन सोलंकी किसान परिवार से है। अर्जुन स्वच्छता जागरूकता अभियान, नशा मुक्ति अभियान एवं अन्य सामाजिक कार्यों में अपना निरंतर सहयोग करते हैं।

अर्जुन ने बताया कि उनकी मां की तबियत खराब होने पर उन्हें इंदौर उपचार के लिए ले जाया गया था। जहां उन्हें रक्त की आवश्यकता पढ़ने पर प्रथम बार रक्तदान किया। जिसके बाद रक्तदान की एहमियत समझी और रक्तदान के महत्व बताते हुए रक्तदान के लिए वे सभी को प्रेरित करने लगे। वे महाविद्यालय में गतिविधियों में भी सहभागिता करते हैं। महाविद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में एक बार और बड़वानी जिला अस्पताल में दो बार एवं इंदौर में 3 बार रक्तदान कर चुके हैं। जिला अस्पताल में विनोद सोलंकी, बजरंग सोलंकी, प्रकाश सोलंकी, गंगाराम भोसले भी मौजूद रहे।

एक नजर में — दुकानों की नीलामी व अन्य विषयों पर किसानों ने की चर्चा

वार्षिक साधारण सभा का आयोजन

नवभारत न्यूज़
पानसेमल, 28 सितम्बर
कृषि उप मंडी में शनिवार वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया। जिसमें वार्षिक आय-व्यय पत्रकों का वाचन हुआ तथा किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। संस्था प्रशासक राजेन्द्र सिरसाठ, पदाधिकारियों एवं किसानों की उपस्थिति में संस्था को आय-व्यय के साथ खाद की उपलब्धता को लेकर चर्चा की।

सलोनी राणा ने बताया कि वर्तमान में जो खाद की मात्रा प्रति एकड़ मिल रहा है। इस कारण खाद की पूर्ति नहीं हो पा रही। साथ ही किसानों को डीएपी खाद भी कभी-कभी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिसका निराकारण किया जाना चाहिए। प्रशासक राजेन्द्र सिरसाठ ने बताया कि वार्षिक आय-व्यय की समीक्षा की गई तथा पूर्व समय में हुई वित्तीय अनियमिता को लेकर जांच होने की जानकारी दी तथा जांच के बाद विशेष साधारण सभा आयोजित करने के बारे में भी कहा गया। लंबे समय से ऋण नहीं चुकाने वाले किसानों की भी सूची जारी करते हुए अन्य विषय अध्यक्ष की सहमति से रखे गए। वहीं खाद की किल्लत को लेकर उन्होंने जैविक खाद के अधिक उपयोग करने की बात कही एवं संस्था द्वारा बनाई गई दुकानों की नीलामी उच्च अधिकारियों को भेजी गई स्वीकृति आने के बाद होने की जानकारी दी।

यह रहे उपस्थित
इस दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ किसानों सहित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

महाविद्यालय में हुआ प्रशिक्षण का शुभारंभ

पानसेमल। श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय में पीएम उषा अंतर्गत सॉफ्ट कम्पोनेंट अल्पावधि प्रशिक्षण बेसिक कंप्यूटर इंक्लूडिंग एमएस ऑफिस का शुभारम्भ प्राचार्या प्रो संगीता भण्डारी के मार्गदर्शन में किया। शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जलित कर की। मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति सदस्य सचिन चौहान ने छात्राओं को प्रेरित किया। प्राचार्या ने बताया कि सभी छात्राएं लगन से 12 दिवसीय प्रशिक्षण को पूर्ण कर कौशल को बढ़ाए। सेडमैप जिला समन्वयक अरविंद चौहान, क्रीड़ा अधिकारी डॉ सुनील बागले, डॉ

एक नजर में

शातिर वाहन चोर नाबालिग साथी सहित पुलिस गिरफ्त में

इंदौर . शहर में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने एक बड़े अभियुक्त को नाबालिक साथी के साथ गिरफ्तार किया. आरोपियों से दो महंगी आर 15 मोटरसाइकिलें और एक खतरनाक धारदार चाकू बरामद किया. पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है. मुख्य आरोपी कुलदीप मेर और उसका नाबालिक साथी ऑर्डर पर मोटरसाइकिलें चोरी कर ग्रामीण इलाकों में बेचते थे. सहायक पुलिस आयुक्त परदेशीपुरा, श्रीमती हिमानी मिश्रा ने बताया कि गठित विशेष टीम को अयोध्यापुरी कॉलोनी के खाली मैदान में संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली. मौके पर पहुंचकर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को धर दबोचा. तलाशी के दौरान मुख्य आरोपी के पास से धारदार चाकू भी बरामद हुआ. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वाहन चोरी के लिए उन्हें विशेष मॉडल के आदेश मिलते थे और चोरी की गई मोटरसाइकिलें राघवगढ़ और गुना जिलों में बेच दी जाती थीं. पुलिस आरोपियों से और पूछताछ कर अन्य संभावित मामलों की जानकारी जुटा रही है.

जनभागीदारी निधि में करोड़ों का गड़बड़ी का आरोप

इंदौर . होल्कर साइंस कॉलेज की जनभागीदारी निधि में करोड़ों रुपए के दुरुपयोग का सनसनीखेज आरोप सामने आया है. पारसी मोहल्ला निवासी घनश्याम व्यास ने आरोप लगाया है कि कॉलेज की प्राचार्य और अकाउंटेंट ने नियमों की अवहेलना कर निधि का इस्तेमाल निजी लाभ और परिजनों को फायदा पहुंचाने के लिए किया. शिकायत में बताया गया कि लगभग 300 श्रमिकों की नियुक्ति बिना प्रक्रिया और समिति की अनुमति के की गई और उन्हें भुगतान जनभागीदारी निधि से किया. आरोप है कि यह सब प्राचार्य अनामिका जैन और अकाउंटेंट यतीन बावले की मिलीभगत से हो रहा है. शिकायत में इसे अमानत में खयानत और दंडनीय अपराध बताया गया है और उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है. वहीं मामले में प्राचार्य अनामिका जैन ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह आरोप मेरी नियुक्ति से पहले के मामलों से संबंधित हैं, और मेरा इससे कोई लेना-देना नहीं है.

बैंकर ऑफ द ईयर प्रतियोगिता का समापन

इंदौर . श्री वैष्णव इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस में बैंकिंग क्षेत्र पर आधारित बैंकर ऑफ द ईयर प्रतियोगिता का सफल समापन हुआ. प्रतियोगिता से पूर्व विद्यार्थियों के लिए 15 दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई थी, जिसमें उन्हें बैंकिंग क्षेत्र का व्यावहारिक ज्ञान और कौशल सिखाया. फाइनल राउंड में सात टीमों ने प्रतिस्पर्धा की, निर्णायक मंडल में सुश्री श्रुति गजरे एसीपी, एक्सिस बैंक और सीए रोमा कृपलानी दूहॉम फाइनेंस शामिल थीं. दोनों अतिथियों ने विद्यार्थियों को कौशल विकास और सतत अध्ययन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वास्तविक जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार रहने की प्रेरणा दी. संस्थान के निदेशक डॉ. जॉर्ज थॉमस ने स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को प्लेसमेंट और उद्योग की मांग के अनुरूप तैयारी की सलाह दी. प्रतियोगिता में विजेता रही लीशा पहाड़िया और प्रियांशी मंगल, जबकि उपविजेता स्थान आकांक्षा मिश्रा और नलिनी गुप्ता को मिला. सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया. मंच का संचालन डॉ. नीतिका आसवा ने किया, कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन थे डॉ. उत्तम राव जागताप, और आभार सुश्री शिल्पी श्रीवास्तव ने माना. समारोह में विभागाध्यक्ष डॉ. दीपा कटियाल, डॉ. मंदीप गिल एवं प्राध्यापकगण सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे.

इंस्टाग्राम पर की दोस्ती, फिर दुष्कर्म कर धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव

तिलक नगर पुलिस ने खलघाट से ट्रांसफर हुए केस में शुरू की जांच

इंदौर. ऑनलाइन दोस्ती का अंजाम एक युवती के लिए खौफनाक साबित हुआ. तिलक नगर पुलिस थाने में दर्ज मामले के अनुसार, कुक्षी निवासी युवक ने 19 वर्षीय छात्रा से इंस्टाग्राम पर दोस्ती की और फिर इंदौर बुलाकर उसके साथ जबरन संबंध बनाए. इतना ही नहीं, उस पर धर्म बदलने का दबाव डालते हुए शादी का झांसा भी दिया.

पीड़िता मूल रूप से कुक्षी की रहने वाली है और फिलहाल इंदौर के सुदामा नगर में रहकर पढ़ाई कर रही है. इंस्टाग्राम पर उसकी पहचान आरोपी सफान कुरैशी निवासी मस्जिद के पास, कुक्षी से हुई थी. आरोप है कि 25 सितंबर को सफान इंदौर आया और युवती को सी-21 मॉल बुलाया. वहां से वह उसे तिलक नगर क्षेत्र के एक होटल ले गया और जबरन शारीरिक संबंध बनाए. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उस पर कहा शादी करनी है तो पहले मुस्लिम धर्म अपनाना होगा. सफान उसे महाराष्ट्र ले जाने की फिराक में था. रास्ते में उसके रिश्तेदार भी मिले और उन्होंने जबरन एक वीडियो रिकॉर्ड कराया, जिसमें युवती को कहना पड़ा कि वह अपनी मर्जी से सफान के साथ है. खलघाट के पास कसरावद फाटे पर युवती के परिजन और समाजजन पहुंचे तो सफान और उसके साथी युवती को वहीं छोड़कर भाग निकले. पीड़िता को परिजन थाने ले गए और प्रकरण दर्ज कराया. खलघाट पुलिस ने सफान और उसके रिश्तेदारों पर रेप और धर्म परिवर्तन के लिए धमकाने सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया. आगे की जांच के लिए केस तिलक नगर पुलिस को ट्रांसफर कर दिया किया है. पुलिस अब आरोपी और उसके रिश्तेदारों की तलाश में जुटी है.

शादी से मुकरा प्रेमी, युवती ने दे दी जान

इंदौर . भंवरकुआं क्षेत्र में युवती की मौत के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है . पुलिस जांच में सामने आया कि प्रेमी ने शादी का वादा करके बाद में मुकर गया था, जिससे आहत होकर युवती ने आत्महत्या कर ली . पुलिस ने आरोपी प्रेमी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है . एसआई धर्मवीर सिंह चौहान ने बताया कि आरती पिता गुलाब शर्मा, निवासी भंवरकुआं ने 28 अप्रैल को फांसी लगाकर जान दे दी थी . पुलिस को मौके से युवती का आईफोन मिला था, उसकी जांच में इंस्टाग्राम चैटिंग और कॉल रिकॉर्डिंग से चौंकाने वाले तथ्य सामने आए . उन्होंने बताया कि 24 अप्रैल को आरती और उसके प्रेमी प्रशांत पिता मोहन चंद्र तिवारी, निवासी बद्रीपुरा, हल्द्वानी, उत्तराखंड के बीच बहस हुई थी . चैटिंग में प्रशांत ने आरती से कहा था कि उसका सिर्फ इस्तेमाल किया है . इसके बाद फोन पर भी विवाद हुआ . जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि प्रशांत ने आरती से शादी का वादा किया था, लेकिन बाद में इंकार कर दिया . आरती के पिता और परिजनों ने भी पुलिस को यही तथ्य बताए . सभी सबूतों और बयानों के आधार पर पुलिस ने प्रशांत के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का अपराध दर्ज किया है . फिलहाल मामले की आगे की जांच जारी है .

जहर खाने वाले चालक की पुलिस ने बचाई जान

इंदौर. नवलखा चौराहे पर यातायात व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मियों ने इंसानियत का बेहतरीन उदाहरण पेश किया. पुलिसकर्मियों ने जहर खाने वाले चालक की जान बचाई.

ड्यूटी संभालते समय पुलिसकर्मियों को एक लोडिंग वाहन खड़ा नजर आया, जो लंबे समय तक आगे नहीं बढ़ा. जब यातायात उपनिरीक्षक संत बहादुर और उनकी टीम पास पहुंचे तो चालक ने खुद ही कह दिया मैंने सल्फास खा ली है, मुझे बचा लो. स्थिति की गंभीरता देखते हुए उपनिरीक्षक संत बहादुर ने आरक्षक सुरेंद्र सिंह गुर्जर, महिला आरक्षक ज्योति, भूली रडार और आरक्षक शैलेन्द्र त्यागी की मदद से चालक को फौरन पुलिस वेन में बैठाया और सीधे एमवाय अस्पताल पहुंचाया. समय पर दी गई मदद से उसकी जान बच सकी. मामले की जानकारी संबंधित थाने को दी गई है. पुलिस ने चालक के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है.

नो एंट्री में भारी वाहनों की धरपकड़, 40 चालकों पर कार्रवाई

इंदौर. शहर में यातायात सुगमता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार सख्त रवैये पर है. वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देशन में नो एंट्री मार्गों पर भारी वाहनों की निगरानी तेज कर दी गई है. आज पुलिस ने नियमों का उल्लंघन कर नो एंट्री में प्रवेश करने वाले 40 भारी वाहनों के चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की. अधिकारियों ने सभी चालकों को चेतावनी दी कि भविष्य में नियमों की अवहेलना करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

बुलडोजर से नष्ट किए मॉडिफाइड साइलेंसर

इंदौर. पुलिस ने शहर में आवाज़ प्रदूषण और अवैध मॉडिफाई साइलेंसर के उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए पांच दर्जन से अधिक साइलेंसर नष्ट कर दिए. कनाडिया थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि पुलिस ने इलाके में सक्रिय वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल पर लगे पटाखे वाले और मॉडिफाई साइलेंसर जब्त किए. गुरुवार को इन साइलेंसरों को बुलडोजर की मदद से नष्ट किया गया. पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वाहन में साइलेंसर या मॉडिफाई पार्ट्स का उपयोग न करें और नियमों का पालन कर शांति एवं सुरक्षा बनाए रखें.

परेशानी — मामला वार्ड 61 के चितावद क्षेत्र का

पेंशन बंद होने से बुजुर्ग हो रहे परेशान

इंदौर. केंद्र सरकार की कई योजनाओं में वृद्ध एवं विधवा पेंशन योजना लोगों के लिए लाभदायक रही लेकिन यहां भी अब धीरे-धीरे बंद होती नजर आ रही है. कई बुजुर्गों की पेंशन तो चालू ही नहीं हुई और कई हितग्राहियों की बंद कर दी गई.

पेंशन योजना से जुड़ा हुआ मामला वार्ड क्रमांक 61 से सामने आया है. नौलखा चौराहा से कुछ ही दूर नेमावर रोड पर वार्ड के चितावद में सरकारी स्कूल के आसपास रहने वाले कुछ बुजुर्गों से बातचीत की गई तो पता चला कि यहां पर एक नहीं कई बुजुर्ग एवं विधवा पेंशन लेने वाले हितग्राहियों की पेंशन बंद कर दी गई है. इनमें कुछ ऐसे बुजुर्ग भी मिले जिनकी पेंशन पिछले तीन से चार वर्षों से बंद है. अपनी पेंशन चालू करवाने के लिए जब बुजुर्ग हितग्राही झोन पर जाते हैं तो उन्हें बैंक पहुंचाया जाता है. बैंक कर्मचारियों द्वारा उनसे कई बार केवाईसी करवाई जाती है. फिर भी पेंशन चालू नहीं कीजाती है.

बैंक अधिकारी उन्हें दोबारा झोन पर जाने की सलाह देते हैं पर यहां से वहां चक्कर लगाने के बाद बुजुर्ग दंपत्ति योजना का लाभ मिलने की आशा छोड़ देते हैं. इस तरह का यह पहला मामला नहीं है. शहर के अधिकतर वार्डों के क्षेत्र में पेंशन योजना का लाभ अब धीरे-धीरे बंद होता दिखाई दे रहा है. इस योजना के तहत जो राशि बुजुर्गों को मिलती थी, उससे उन्हें काफी राहत मिलती थी.

इनका कहना है...

मैं अपनी बेटी के यहां रहती हूं. मेरा जो भी खर्चा है वही उठाती है. ऐसे में पेंशन से मिलने वाली राशि से मुझे काफी राहत थी. अब थोड़ी परेशानी है.
- सावित्री बाई

मेरी उम्र अब ऐसी नहीं कि मैं भागदौड़ कर सकूं. कई बार चक्कर लगे लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला. जब सरकार देना ही नहीं चाहती, तो योजना क्यों गिनाती है.
- सुशीला बाई चौहान

क्षेत्र में कई ऐसे बुजुर्ग हैं जिनकी पेंशन बंद होने के बाद वह इधर-उधर भटकते हैं. इसके लिए सरकार को वार्ड स्तर पर प्रतिनिधि नियुक्त करना चाहिए. इससे सुविधा होगी.
- अनंत नारायण पंड्या